
राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद्


डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, एकलव्य भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302017
दूरभाषः 0141–2715551 E-mail: csr.edu.raj@gmail.com

पूर्व छात्र परिषद् माड्यूल द्वारा राज्य परियोजना निदेशक की ओर से ई–मेल भेजने की प्रकिया


1. सर्वप्रथम विद्यालय लॉगिन कर विद्यार्थी प्रपत्र मेन्यू में उपलब्ध पूर्व छात्र परिषद् सदस्य प्रपत्र लिंक पर क्लिक कर पेज खोलें।




2. पूर्व छात्र परिषद् प्रपत्र पेज ओपन करने पर विद्यालय का नाम हिन्दी में लिखने (रिक्त होने की स्थिति में)/ अपडेट (पूर्व में इन्द्राज होने के स्थिति में) हेतु Pop-up प्रदर्शित होगा। जिसके माध्यम से विद्यालय अपना नाम यूनिकोड हिन्दी में अपडेट करें क्योंकि राज्य स्तर से भेजे जाने वाले पत्र में विद्यालय का नाम प्रयोग होगा। **हिन्दी में लिखने के लिए गूगल हिन्दी टाइपिंग** का प्रयोग किया जा सकता है।




3. पूर्व छात्र परिषद् प्रपत्र पेज मांगी सूचनाऐं सही–सही प्रविष्ठ करें। द्वितीय कॉलम – नाम (हिन्दी में) में यूनिकोड हिन्दी में पूर्व विद्यार्थी का नाम अंकित करें। ई–मेल व मोबाइल नम्बर सही–सही अंकित करें। संस्था प्रधान द्वारा पूर्व विद्यार्थी को भेजे जाने वाले प्रत्र की सूचना अंकित **Save** करें।




4. बिन्दु संख्या–3 के अनुसार सूचनाऐं **Save** करने के पश्चात् सभी इन्द्राज किये पूर्व विद्यार्थी की नाम व सूचनाऐं पेज पर नीचे लिस्ट में प्रदर्शि हो जावेगी। यदि पूर्व प्रविष्ट की गई सूचनाऐं भी लिस्ट में दिखाई दे रही होगी। पूर्व में हो सकता है कि पूर्व विद्यार्थी का नाम नीचे दिखाई लिस्ट के अनुसार हिन्दी में प्रदर्शित नहीं हो रहा है तो प्रत्येक पूर्व विद्यार्थी की सूचना में अंत में दिखाई गये **Edit** बटन पर क्लिक करें। जिससे सूचना एडिट करने हेतु पेज पर प्रदर्शित हो जावेगी। सूचनाऐं अद्यतन कर पुनः सेव करें।



5. बिन्दु संख्या–4 के अनुसार सूचनाऐं अद्यतन करने पर पूर्ण सही भरी सूचनाऐं नीचे प्रदर्शित फोटो के अनुसार दिखाई देगी। पूर्ण सूचनाऐं इन्द्राज होने के बाद प्रत्येक लाईन के अन्त में उपलब्ध **Send Mail** बटन पर क्लिक करें। इससे राज्य परियोजना निदेशक महोदया की ओर से पूर्व विद्यार्थी को विद्यालय में सहयोग करने हेतु एक ई–मेल प्रेषित हो जावेगा।




6. बिन्दु संख्या–5 के अनुसार सिस्टम द्वारा ई–मेल भेजने के उपरान्त मैसेज दिखाई देगा जिसे **Close** बटन की सहायता से बंद करें। साथ ही पूर्व विद्यार्थी जिसको ई–मेल भेजा जा चुका है, वाली लाईन हरे रंग की हो जावेगी। बिन्दु संख्या–5 के अनुसार समय–समय पर इच्छित पूर्व छात्र/छात्रा को राज्य परियोजना निदेशक की ओर से ई–मेल प्रेषित कर सकते है।



7. इस प्रकिया से नीचे दिखाई गई स्क्रीनशॉट के अनुसार पूर्व विद्यार्थी के ई–मेल पर एक मेल प्राप्त होगा। जिसमें एक लिंक प्राप्त होगा जिसकी सहायता से राज्य परियोजना निदेशक की ओर से एक व्यक्तिगत पत्र प्राप्त किया जा सकेगा। ई–मेल के अन्त विद्यालय का नाम प्रदर्शित होगा।



8. लिंक पर क्लिक करने के उपरान्त एक पत्र स्वतः डाउनलोड होगा। डाउनलोड न होने की स्थिति में पॉप–अप को अनुमति प्रदान करें। डाउनलोड पत्र के द्वारा प्राप्त पत्र नीचे दिखाये गये नमूना पत्र के अनुसार होगा।



राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

डॉ राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, एकलव्य भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302017
दूरभाष: 0141-2715551 E-mail: csr.edu.raj@gmail.com

क्रमांक: राममविप/जाप/सीएसआर/मीडिया/2017/3964 दिनांक: 25-07-2018

प्रिय श्री
संजय कुमार शर्मा
विद्यालय राजकीय बी.एन. जोशी उच्च माध्यमिक सह्यिालय बांदीकुई (दौसा)
बांदीकुई: BANDIKUI, जिला: DAUSA

विषय: पूर्व छात्र परिषद् (ALUMNI) से जुड़कर आपके पूर्व विद्यालय के विकास में सहयोग करने के सम्बन्ध में।

प्रिय

आपको यह जानकर हर्ष होगा कि राज्य के प्रत्येक राजकीय विद्यालय में पूर्व छात्र परिषद् (ALUMNI) का गठन किया गया है। इस परिषद् माध्यम से सभी पूर्व छात्र अपने पूर्व विद्यालयों से जुड़कर विद्यालय विकास में अपना योगदान दे सकते हैं। इस सम्बन्ध विद्यालयों के संस्था प्रधानों द्वारा प्रत्येक पूर्व छात्र सदस्य को विभिन्न माध्यमों से एकत्रित सम्पर्क सूत्र के आधार पर इस परिषदों जुड़ने हेतु पत्र लिखा गया है।

शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों के विकास हेतु लगातार किये गये प्रयासों से विद्यालयों ने नवीन आयाम स्थापित किये है। इस विकास रथ को और आगे बढ़ाने में आपका सहयोग अपेक्षित है। विद्यालयों के पूर्व छात्रों को अपने पूर्व विद्यालयों से जोड़ने तथा विद्यालयों के विकास में सभी को सहभागी बनाने हेतु शिक्षा विभाग द्वारा एक ऑनलाईन पोर्टलकोर्ड ज्ञान संकल्प पोर्टल (www.gyansankalp.nic.in) का निर्माण किया गया है। इस पोर्टल पर उपलब्ध पांच श्रेणियों में एक Donate to A School श्रेणी में अपने विद्यालय को सहयोग प्रदान कर सकते है जिससे विद्यालय में अध्ययनरत बालक - बालिकाओं को बेहतर सुविधाएं प्राप्त हो सकें तथा अच्छी शिक्षा प्राप्त कर आपकी तरह अपने जीवन पथ पर सफल हो सकें।

आशा है कि आप विद्यालय परिवार से जुड़कर गौरवान्वित महसूस करेंगे तथा विभाग द्वारा विद्यालयों के विकास में अपना सहयोग प्रदान करेंगे।

(निवांगी स्वर्णकार)
राज्य परियोजना निदेशक

SH. B.N. JOSHI GOVT. Sr Sec School BANDIKUI (Email : govtsrsecschoolbandikui@gmail.com)

9. पूर्व छात्र परिषद् प्रपत्र की प्रगति रिपोर्ट जिला/ब्लॉक/राज्य पर अधिकारियों के लॉगिन पर कार्य प्रगति रिपोर्ट मेन्यू में लिंक पर उपलब्ध है।

.....